तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 रजिस्ट्री कराने में लग रहा 7 घंटे से ज्यादा का समय, ओटीपी ...



12 नवागढ़ में गूंजी लोकधुनें, महका उठा 'सीताराम ...



## बेमेतरा में धान की फसल पर संकट, तादुंला डेम से पानी छोड़ने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इस साल मानसून ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में उम्मीद के मुताबिक साथ नहीं दिया। बारिश कम होने से खेतों में पानी की कमी बढ़ गई है। धान की फसल पकने के अहम दौर में है, लेकिन समय पर पानी नहीं मिला तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा है- वो भी पानी की कमी से।

गांवों के किसान बताते हैं कि पिछले कुछ हफ्तों से सिंचाई के लिए पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और धान के पौधों की पत्तियां पीली पड़ रही हैं। एक किसान ने कहा कि अगर 7-10 दिनों में पानी नहीं मिला, तो आधी फसल खत्म हो जाएगी। कर्ज लेकर खेती की है, अब डर है कि सब बर्बाद न हो जाए। धान उत्पादन के लिए पहचान रखने वाले बेमेतरा जिले के कुछ हिस्सों को ही तादुंला जलाशय से नहरों के जरिए पानी मिलता है। नदी किनारे के गांव सीधे नदी का पानी ले पाते हैं, बाकी किसान बारिश या महंगी निजी सिंचाई पर निर्भर हैं। किसानों की उम्मीदें प्रशासन और सिंचाई विभाग पर टिकी हैं। समय पर निर्णय हुआ तो हजारों किसानों की फसल बच जाएगी और बेमेतरा की कृषि अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष बोलीं-किसानों की मेहनत बचाना पहली प्राथमिकता



फाइल फोटो

#### जिला पंचायत अध्यक्ष ने पहल की

स्थिति को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि किसानों की फसलें बचाने के लिए तत्काल कदम उठाना जरूरी है। मैं प्रभारी मंत्री अरुण साव और कलेक्टर से मिलकर तादुंला डैम से पानी छोड़ने का आग्रह करूंगी। यह किसानों की आजीविका से जुड़ा मसला है।उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर यह मुद्दा राज्य स्तर तक उठाया जाएगा। स्थानीय किसान संगठन और ग्रामीण प्रतिनिधि तादुंला जलाशय से नहरों में पानी छोड़ने की मांग तेज कर चुके हैं। किसानों का कहना है कि देरी हुई, तो इस साल की पैदावार के साथ अगले सीजन में भी संकट गहराएगा।

### खबर संक्षेप

#### धारदार चापड़ दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार

भिलाई । धारदार चापड़ लेकर लोगों को डरा धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आकाश गंगा प्रेस काम्पलेक्स के पास सुपेला में युवक धारदार चापड़ लेकर लोगो को डरा धमका रहा था। पुलिस की सूचना पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम पवनतरा चौंकी जालबांध जिला खैरागढ़ हाल पता सिकोला बस्ती कालीचरण देवराज का होना बताया है। आरोपी के पास से एक धारदार लोहे का चापड़ को जप्त किया गया।

#### शिवनाथ नदी में युवक की डूबने से हुई मौत

भिलाई। शिवनाथ नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सिरसा थाना क्षेत्र पुलगांव चौकी जेवरा सिरसा के शिवनाथ नदी में युवक डूबने की सूचना मिली थी। एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में निकल गई। एसडीआरएफ जवान इंद्रपाल यादव द्वारा डीप डाइविंग कर युवक की खोजबीन नदी में करने लगा। घंटो बाद एक शव शिवनाथ नदी से मिला। पूछताछ करने पर ग्राम समोदा निवासी साहिल देशमुख 22 वर्ष के नाम से शिनाख्त किया गया। जेवरा सिरसा प्रभारी खगेन्द्र पठारे ने बताया कि साहिल अपने दोस्त चिमन के साथ नहाने शिवनाथ नदी गए हुए थे। दोनों होंडा शो रुम के कर्मी है। शिवनाथ नदी में दोनों नहाने कूदे दोनों बहाव में पहुंचने पर डूब रहे थे। इस दौरान चिमन को गमछा के सहारे बाहर निकल गया लेकिन साहिल नहीं निकल पाया। जिससे उसकी मौत हो गई।

#### शौचालय की सफाई को लेकर पार्षद की पिटाई

भिलाई। दुर्ग में शौचालय की सफाई को लेकर बोलने पर कुछ युवकों ने निर्दलीय पार्षद ललित ढीमर के साथ मारपीट की है। शिकायत मिलने पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 56 के पार्षद ललित ढीमर से दो लोगों ने मारपीट की है। उनके वार्ड बघेरा के इंदिरा नगर में सुलभ शौचालय है। सुलभ शौचालय की सफाई को लेकर पार्षद ने बात कही तो गुलाबदास मानिकपुरी और मेहत्तर उर्फ कोंदा उसके साथ विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर पार्षद की जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम दुर्ग के पार्षद कोतवाली थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मांग करने पहुंचे। आरोपियों ने पार्षद को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पार्षद को काफी चोटें आई हैं। पार्षद की पिटाई करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

#### रात 11 बजे के बाद दुकानें बंद कराएं हर बीट पर हो जवानों की तैनाती: एसएसपी

भिलाई। स्वतंत्रता दिवस और त्योहारी सीजन को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। उन्होंने कहा कि रात 11 बजे के बाद दुकानें बंद कराई जाए, हर बीट पर पुलिस जवानों की तैनाती हो। इसकी पूरी जानकारी थाना प्रभारी को होनी चाहिए। नियमित रूप से गश्त की जाए। संदिग्ध गतिविधि वाले व्यक्तियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने बैठक में आगामी गणेशोत्सव त्योहार पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। तेज आवाज में बजने वाले साउंड सिस्टम पर नजर रखने, नियमतः कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया। गणेश पंडालों में सुरक्षा इंतजाम, ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़ी जानकारी अपडेट की जाए।

परेशानी : क्षेत्र से 40 प्रतिशत बारिश गायब, आधी रोपाई

## खेतों में पड़ीं दरारें, पौधे झुके और किसानों की उम्मीदों को लगा आघात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

इस साल सावन का हाल कुछ वैसा है, जैसे कोई मेहमान बुलावे पर आए ही नहीं और बस फोन करके कह दे "अगली बार आऊंगा"। बादलों ने आसमान में डेरा डाला, मगर खेतों तक आने की जहमत नहीं उठाई। अगस्त का आधा महीना बीत चुका है और बारिश 40 प्रतिशत कम। खेतों में पानी भरकर हरी लहरें उठनी चाहिए थीं, वहां अब चौड़ी दरारें हैं, पौधे झुककर मानो हार मान चुके हैं। और, किसान की आँखों में चिंता की झुर्रियां गहरी हो गई हैं।

गाँव-गाँव में आधी रोपाई अधूरी है। जो किसान समय पर रोपाई कर पाए, उनकी फसल अब पानी की कमी से बीमारी में पड़ी है। किसान तोपसिंह साहू कहते हैं कि "बारिश का भरोसा नहीं रहा। डीजल से पानी देंगे तो खर्च दोगुना, और जेब पहले से ही खाली। कोशिश करेंगे फसल बच जाए, वरना कर्ज का पहाड़ और ऊँचा हो जाएगा।"

### सूखा सावन... बादल आए, फोटो खिंचवाकर लौट गए





#### मौसम विभाग-देखते रहिए

मौसम विभाग की मानें तो अगले एक सप्ताह तक भी बादलों का मूड बदला नहीं दिख रहा। मतलब साफ है कि आसमान की ओर टकटकी लगाने से ज्यादा फायदेमंद होगा। अगर किसान नलकूप की चाबी घूमा दें, बशर्ते जेब में डीजल भरने लायक पैसे बचे हों।

#### विपक्ष का तंज - सरकार को मौसम नहीं, मेला चाहिए

कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने चुटकी लेते हुए कहा कि "किसान सूख रहे हैं, पर सरकार को कार्यक्रम और उद्घाटन से फुर्सत नहीं। न सूखे की चेतावनी, न राहत योजना। अगर तुरंत डीजल-पंप अनुदान, मुफ्त खाद-बीज और सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो यह संकट कर्ज और आत्महत्या की ओर जाएगा। सरकार के मंत्री बस भाषण के बाद फोटो खिंचवाने में माहिर हैं, फसल बचाने में नहीं।" नवागढ़ के किसान अब आसमान से कम और प्रशासन से ज्यादा नाराज़ हैं। फर्क बस इतना है कि आसमान का मूड बदलने की उम्मीद अभी बाकी है।

## छह साल के मासूम बच्चे की कुएं मे गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

■ उमराव नगर में रक्षाबंधन के दिन हुआ दाहसा

समीपस्थ ग्राम उमरावनगर मे रक्षाबंधन के दिन खेल खेल मे शाम 7 बजे एक 6 वर्षीय तिलक साहू नाम बालक के कुएं मे गिरने से दर्दनाक मौत हो गया,उक्त बालक शाम को घर के बाहर दोस्तो के साथ खेल रहा था बताया जाता है कि वह समीप के कुएं के उपर डाली गयी पोल से आना जाना करता था। बीती शाम बालक के नही दिखने पर परिजनो खोजबी शुरू किया तो आशंका के मुताबिक कुएं में काटा डाला गया तो बालक का शव दिखाई दिया।

उक्त घटना की सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार सुबह पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनो को सौप दिया जहा गमगीन माहौल मे उसकी अंतिम संस्कार किया गया। घटना के मुताबिक समीपस्थ ग्राम उमरावनगर मे 9 अगस्त की शाम एक 6 वर्षीय बालक तिलक साहू पिता दुलेश्वर साहू अपने घर के समीप कुएं मे लगे पोल से अपने दोस्तों के साथ रोज खेला करता था और वही से आना जाना करता था परंतु वही कुआं उसके लिए केल बन जायेगा कोई सोचा ना था।घटना दिनांकशाम 6 बजे कुएं के उपर गुजरते वक्त मृतक का पैर फिसल गया और वह लबालब पानी से भरे कुएं में गिर गया। उस वक्त तक परिजन को मालूम नही था,शेम करीब 7 बजे तिलक कही दिखा नही तो घर वालो ने खोजबीन शुरू की आस पडोस मे कह दिखाई नही देने पर आशंका के मुताबिक कुएं मे काटा डालकर देखा गया तो उसका शव उपर आ गया।

घटना की सूचना पुलिस को दी गयी और शव को कुएं से बाहर निकालकर पंचनामा पश्चात आज शव को परिजनो को शौप दिया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

### विस अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह कल 11 अगस्त को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री सिंह कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह सोमवार को सुबह 11.30 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे और 1.30 बजे ग्राम टेडेसरा आगमन एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 2.30 बजे विधानसभा अध्याक्ष निवास आगमन एवं आरक्षित। 4.30 बजे सतनाम भवन जीई रोड में मिनीमाता निर्वाण दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6.30 बजे श्री सिंह रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## गोस्वामी समाज की नई कार्यकारिणी घोषित संतोष फिर बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ 26 ग्रामों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ चुनाव

कवर्धा-नवागढ़ परिक्षेत्र के गोस्वामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को नवागढ़ में संपन्न हुई। इस सामाजिक बैठक में परिक्षेत्र के 26 ग्रामों से बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की नई कार्यकारिणी का गठन और प्रत्येक गाँव से ग्राम प्रमुख का चयन करना था। बैठक की शुरुआत वरिष्ठजनों के स्वागत और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। इसके बाद कार्यकारिणी चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए संतोष पुरी गोस्वामी (नवागढ़) का नाम प्रस्तावित किया गया। 2015 से लगातार अध्यक्ष पद संभाल रहे संतोष पुरी को एक बार फिर समाज ने पूर्ण बहुमत और विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी।

### अन्य पदों पर हुए चुनाव

उपाध्यक्ष पद पर नरेश गोस्वामी (कंझेटा), सचिव पद पर बद्री गिरी गोस्वामी (इंदौरी), कोषाध्यक्ष पद पर डोमन पर्वत (दुल्लापुर), संरक्षक पद पर टंकेश्वर गिरी गोस्वामी (इंदौरी), सहसचिव पद पर शत्रुघ्न गिरी गोस्वामी (कोलेगांव) और सहकोषाध्यक्ष पद पर अशोक पर्वत (दुल्लापुर) का चयन किया गया। पदग्रहण के बाद संतोष पुरी गोस्वामी ने समाज के सभी बंधुओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि 2015 से अब तक आप सभी ने मुझ पर भरोसा बनाए रखा। हम सभी एकजुट होकर समाज के हित में सकारात्मक कार्य करेंगे और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश करेंगे। बैठक में उपस्थित वरिष्ठजनों ने भी समाज में एकजुटता बनाए रखने और शिक्षा, सामाजिक उत्थान, तथा युवाओं को संस्कारयुक्त मार्गदर्शन देने पर बल दिया। नई कार्यकारिणी ने सामूहिक रूप से समाज की हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया।

### ग्राम प्रमुखों का चयन

आज की बैठक में 26 ग्रामों के लिए अलग-अलग ग्राम प्रमुखों का चयन किया गया, जो अपने-अपने गाँव में समाज की गतिविधियों और विकास कार्यों का नेतृत्व करेंगे।

## नगर सेना में अंचल के सात युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

सेना एवं पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे सात युवाओं ने नगर सेना में चयन पाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सभी चयनित युवा पिछले दो वर्षों से उड़ान एकेडमी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।

हाल ही में जारी परिणाम में इनकी मेहनत रंग लाई। चयनित अभ्यर्थियों में मुख्य रूप से वीरु साहू, प्रीति साहू, शिवांगी पाल, रेशमी यादव, करिश्मा अनंत, आजाद सिंह, विनोद राजपूत और राधिका सोनकर शामिल हैं। परिणाम घोषित होने के बाद सभी ने अपने कोच आरक्षक हीरालाल साहू को धन्यवाद दिया। युवाओं ने नगर सेना में चयन का श्रेय अपने कोच हीरालाल साहू तथा लिखित परीक्षा की तैयारी में योगदान देने वाले जुनी सरोवर शंकर सिंह को दिया। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह नवागढ़ क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जहाँ एक साथ कई युवाओं ने सफलता हासिल की है। वर्तमान में भी क्षेत्र के सैकड़ों युवा आगामी पुलिस भर्ती की तैयारी में जुटे हुए हैं। चयन प्रक्रिया में शहर एवं आसपास ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जिला फेडरेशन का 22 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की जिला मुख्यालय स्थित विश्रामगृह में प्रान्तीय पर्यवेक्षक मनीष ठाकुर एवं योगेश चौरे एवं जिला संयोजक फेडरेशन अश्वनी कुमार बनर्जी की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मोदी की गारंटी युक्त 11 सूत्री मांग पूरा किए जाने पर 22 अगस्त कचहरी कैंपस में जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिए।

इस दौरान तय किया गया कि समस्त संगठनों के जिला अध्यक्षों, पदाधिकारी, अपने-अपने विभाग के कर्मचारी अधिकारी के साथ एक दिवस आकस्मिक अवकाश लेकर इस धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। बैठक में मुख्य तौर पर सचिव नानकराम साहू, एल खुटियारे, रामकुमार डड़सेना, मोतीलाल ठाकुर, भाव सिंह, जनार्दन, राजेश यादव, पवन वर्मा, सेऊकराम साहू, महेश्वर श्रीवास, रोमन जायसवाल, मनोहर माली, राजेंद्र लहरे, राजकुमार गहरी, राजेश जायसवाल, भिखू राम साहू, सनत वैष्णव, देवदास, आनंद, कुलेश्वर श्रीवास, सोनू साहू, जीवन साहू, सुरेंद्र गोस्वामी, देवदास, आनंद एवं समस्त एवं समस्त पदाधिकारी कर्मचारी अधिकारी जहां उपस्थित रहे वही 22 अगस्त को आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सभी विभाग के समस्त कर्मचारियों को शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

सिर्फ 7-8 घंटे ही मिल रही बिजली सप्लाई पर नाराजगी

## तेलगा के किसानों ने बिजली विभाग आनंदगांव सब स्टेशन का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



ब्लॉक बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम तेलगा के किसानों के द्वारा बिजली विभाग का आनंदगांव सब स्टेशन का घेराव कर ज्ञापन सौपा गया। किसानों का मुख्य मांग यह है कि अटल ज्योति कनेक्शन बराबर अपने समय पर कटौती करे।

लेकिन बिजली विभाग द्वारा किसानों को सिर्फ 7 से 8 घंटा बिजली सप्लाई दिया जा रहा है बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात करने पर बताया जाता है कि बिजली तेलगा मुड़पार काब 11 केबी लाईन फीडर लोड नहीं ले पा रहा है इसलिए 12 घंटा मुड़पारकला और 12 घंटा तेलगा को सप्लाई दिया जा रहा है। तब किसानो ने कहा है कि आप तेलगा के लिये अलग से 11केबी फीडर तैयार करें जिससे लाईन सप्लाई सुचारु रूप से बहाल हो सके। इस अवसर इन किसानो ने अपना योगदान दिया। भाजपा नेता नरहर निर्मलकर, राजेश नायक, सरपंच तेलगा तोरण नायक, केशव नायक, डागेशवर यदु, नारायण निर्मलकर, दुर्गेश पाटिल, दुर्गेश वर्मा, महेश वर्मा, ऋषी निर्मलकर, अभयराम पाटिल, सत्तू यदु, शंकर यदु, पिंटू वर्मा, रामानंद निषाद गजानन्द साहू, मुकेश साहू, हरि साहू, मनोहर साहू, देवकुमार शिवारे, बसंत यदु, गजाधर साहू, रामकृष्ण वर्मा, गोविंद वर्मा, लोकेश वर्मा, टीकम वर्मा और पुरषोत्तम निषाद इन किसानों ने अपना बात बिजली विभाग में रखी है।

भाजपा नेता नरहर निर्मलकर ने कनिष्ठ अभियंता अधिकारी भिंभौरी पात्रे से दुरभाष से इस धरना प्रदर्शन से अवगत कराया और यह चेतावनी दिया है कि अगर 7 दिवस के भीतर लाईन बहाल नहीं हुआ तो तेलगा और मुड़पारकला के सभी किसान उग्र आन्दोलन करने मजबुर हो जाएंगे।

**प्रदर्शन:** नाराज ग्रामीण, किसानों ने कलेक्टर निवास के सामने दिया धरना, गांव के 3 ट्रांसफार्मर खराब

# दो माह बाद भी नहीं बदला गया ग्राम तमरूवा का विद्युत ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्राम तमरूवा में बीते करीब दो महिनो से खस्ताहाल तथा चरमाराई विद्युत व्यवस्था से त्रस्त ग्रामीण, किसानो ने रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर कलेक्टर निवास के सामने धरना दिया और व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की।

इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और शासन, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। अपनी मांग व समस्या को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे ग्रामीण किसानो ने बताया कि ग्राम तमरूवा के किसानो और ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराने स्थापित 63 केवीए ट्रांसफार्मर बीते करीब दो महिनो से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीण किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के आभाव में खेतों में लगी फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है और फसल प्रभावित हो रही है। वहीं बिजली के आभाव में ग्रामीणों के दैनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

जिसे देखते हुए विद्युत विभाग से लगातार खराब विद्युत ट्रांसफार्मर को बदने की मांग की जा रही है लेकिन विभाग ग्रामीण, किसानो की समस्या के प्रति जरा भी गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व विभाग जरूर एक ट्रांसफार्मर लेकर गांव पहुंचा था। जिसे विभागीय साधन के आभाव में ग्रामीणों के सहयोग से ही भैंसा गाड़ी में लादकर तथा किसानो ने मजबूरन अपनी फसल को नुकसान पहुंचाते हुए मौके तक पहुंचाया था। लेकिन इसे विद्युत विभाग की घोर लापरवाही और गैर जिम्मेदारी ही कहें की जो ट्रांसफार्मर भेजा गया था वह भी खराब निकला। जिसके बाद से अभी तक विभाग ने खराब ट्रांसफार्मर को नहीं बदला। बल्कि इस बीच ग्राम तमरूवा के दो और ट्रांसफार्मर खराब हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि तमरुवा बस्ती का 100 केवीए और बंधिया खार का 25 केवीए भी बंद पड़ गया है। जिसके कारण गांव के दर्जनों किसान और ग्रामीण अंधेरे और भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। इसकी भी शिकायत विद्युत विभाग को दे दी गई है लेकिन ऐसा लगाता है कि विद्युत विभाग के आला अधिकारी कान में तेल डालकर सो रहे हैं। विभाग की इसी उपेक्षा और गैरजिम्मेदारी को देखते हुए रविवार को ग्राम तमरूवा के ग्रामीण किसान जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे और उन्होने कलेक्टर निवास के सामने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर धरना दिया। बाद में ग्रामीणों को प्रशासनिक अधिकारियों ने आसश्वासन व समझाईश दी जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। अब देखने वाली बात होगी की क्या इस धरना प्रदर्शन के बाद शासन, प्रशासन और विद्युत विभाग के कान में जूं रेंगती है या नहीं।

## पंचायत मंत्री के गृह जिले के ग्रामीण किसान अव्यवस्थाओं से त्रस्तः तुकाराम



ग्राम तमरूवा सहित जिले की खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कबीरधाम में सरकारी सिस्टम का हाल बेहाल है। आलम ये है कि ग्रामीण किसान मूलभूत समस्या बिजली को लेकर बीते दो महिनो से विभाग से लेकर शासन-प्रशासन और सत्तारूढ़ दल के औहदेदारों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अगर किसान व ग्रामीण बिजली बिल का भुगतान करने में देरी कर दे तो विभाग तत्काल बिजली काटने पहुंच जाता है लेकिन जब शिकवा शिकायत की बात आती है तो विभागीय अधिकारी गहरी नींद में सो जाते हैं। उन्होने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार और उनके मंत्री, विधायक सिर्फ विकास का दिखावा कर रहे हैं। अगर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के गृह जिले में बीते दो महिनो से ग्रामीण किसानों को बिजली के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो समझा जा सकता है कि यहां विकास और विभागीय व्यवस्था की जमीनी हकीकत क्या है। इस धरना प्रदर्शन में तुकाराम चंद्रवंशी, अंकित चौबे, प्रतीक चंद्रवंशी, मेहुल सत्यवंशी, बिलाल खान, आकाश चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, जितेंद्र सिंह, रामराज सिंह, भालचंद, डोमन, युवराज, दशरु सिंह, जंत्री सिन्ह, बसंत सिंह, विजय सिन्ह, रवि धुर्वे, विष्णु आदि उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गोविंदा उत्सव 17 अगस्त को



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सर्व यादव समाज द्वारा गोविंदा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। जिसके लिए प्रतिदिन शहर के श्री राधाकृष्ण बड़े मंदिर में समाज के सदस्यों की बैठक आयोजित की जा रही है।

बैठक में अब तक कई निर्णयों पर सहमति बन चुकी है। वहीं आयोजन में अतिथि सहित अन्य निर्णय होना बाकी है। सर्व यादव समाज के जिला सचिव प्रकाश यादव (टिब्लू) ने बताया कि आयोजन में सभी समाज व वर्ग के लोग शामिल रहते है। हर वर्ष सभी के सहयोग से कार्यक्रम होता आ रहा है। इस साल भी बेहतर आयोजन होगा। आयोजन में इस बार मूर्ति स्थापना जन्माष्टमी के एक दिन पहले होगी। जिसे महिला समाज की अगुवाई में स्थापित किया जाएगा साथ ही अगले दिन पूजा प्रतिष्ठा होगी। इस बीच महिला समाज द्वारा रंगोली, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ सहित अन्य आयोजन होगा। कार्यक्रम के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

गोविंदा उत्सव दही लूट का आयोजन 17 अगस्त को होगा। श्री यादव ने बताया कि दही लूट में इस साल भी आसपास के गांवों से यादव समाज के सदस्य शामिल रहेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश यदु, पूर्व पार्षद संतोष यादव, विजय यादव, पवन यादव, आयुष, चेतन, अंश, आकाश, जतिन यादव, राहुल यादव, राजकुमार, निलेश,लक्की, राजिन सहित समाज के लोग शामिल रहे।

### दोपहर 12.00 बजे राधाकृष्ण मंदिर से निकाली जाएगी रैली

रैली दोपहर 12 बजे राधाकृष्ण बड़े मंदिर से रवाना होगी। जो शहर के करपात्री चौक, सराफा लाइन, गुरुनानक गेट, गांधी मैदान, सिग्नल चौक, अंबेडकरचौक, राजमहलचौक, पंचमुखी बूढ़ामहादेव मंदिर, कचहरी पारा, यूनियन चौक होते हुए पुनः मंदिर में समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस साल भी रैली जल्दी पूर्व वर्षो की तरह जल्दी निकाली जाएगी। ताकि समय पर समापन हो।

### सर्व यादव समाज की बैठक में विवादों से बचने की सलाह

बैठक के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद से बचने पर विशेष चर्चा की गई। सचिव प्रकाश ने बताया कि रैली के दौरान कई बार असामाजिक तत्व शामिल होकर विवाद करते है। इससे बचने के लिए यादव समाज के सभी सदस्यों को विशेष ऐतिहात बरतने कहा गया है। दही लूट में शामिल समाज के लोगों को सीधे पुलिस थाने में संबंधित के खिलाफ शिकायत करने भी सलाह दिया गया।

## खबर संक्षेप



### पतंजलि योग समिति ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**कवर्धा।** श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पतंजलि योग समिति कवर्धा में उत्साह, उमंग के साथ यज्ञ हवन कर मनाया गया। समिति के भाई बहनों ने एकजुट होकर शारदा संगीत महाविद्यालय कवर्धा की नियमित योग कक्षा में रक्षाबंधन का पर्व मनाया। सभी बहनों ने भाइयों का तिलक लगाकर उनकी कलाईयों में रक्षासूत्र बांधकर अपना आशीष व प्रेम प्रकट किया। सनातन समय से चली आ रही यह परंपरा बहुत ही पवित्रता का प्रतीक है जो भाई बहन के अटूट प्रेम को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शारदा संगीत महाविद्यालय के योग साधक संतोष पटेल, प्रभाकर शुक्ला, अशोक चंद्रवंशी, रामा जयसवाल, रमेश साहू, शशि ठाकुर, बलराम कौशिक, शैलेंद्र साहू, पिंटू चंद्रवंशी, कामतापाल धर्मेंद्र ठाकुर, मनोज चंद्रवंशी, नीरज सिन्हा इसी प्रकार बहनों में महिला प्रभारी उमा चंद्रवंशी महामंत्री ज्योति शुक्ला महामंत्री विनीताचंद्रवंशी, भारती शर्मा, प्रभा शिवहरे, शीला राजपूत, प्रतिमा चंद्रवंशी, संध्या जायसवाल, सुकून जायसवाल, रागिनी साहू, मंजू चंद्रवंशी सरिता साहूआदि सभी पतंजलि परिवार के योग साधक साधिकाएं उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण की निकली हवा, मात्र एक शिक्षक के भरोसे मिडिल स्कूल

## ग्राम भालापुरी के पालकों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

युक्तियुक्तकरण नीति के तहत जिले की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का दम भरने वाला जिला स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मिनमिनिया के आश्रित ग्राम भालापुरी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक पदस्थ नहीं कर पा रहा है। जिससे न सिर्फ स्कूली बच्चों की पढ़ाई लिखाई चौपट हो रही है बल्कि विभाग की इस अव्यवस्था को लेकर पालकों में भी भारी असंतोष देखा जा रहा है। अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंति इन पालकों ने बीते दिनो जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपकर स्कूल में जरूरत के मुताबिक शिक्षकों की पद स्थापना कराए जाने की मांग की है। अपनी मांग व समस्या लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे पालकों ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भालापुरी में कक्षा छठवीं से आठवीं तक करीब 40 विद्यार्थी अध्यनरत हैं लेकिन अलग-अलग कक्षाओं के इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए विद्यालय में सिर्फ एक शिक्षक मौजूद है। पालकों ने इस अव्यवस्था व विभागीय अनदेखी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग एक संवेदनशील और शिक्षित विभाग माना जाता है लेकिन यहां बैठे अधिकारी स्वयं बताएं की एक शिक्षक अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को कैसे पढ़ा लिखा सकता है। उन्होने कहा कि यह सीधे तौर पर घोर लापरवाही और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### 2022 से पदस्थ शिक्षिका गायब

ग्रामीण पालकों ने बताया कि भालापुरी भालापुरी पूर्व माध्यमिक शाला में कुल दो पद स्वीकृत हैं। एक शिक्षक धनश्याम सिंह राणा और एक शिक्षिका अनिता धुर्वे। ग्रामीणों के मुताबिक शिक्षिका ने 12 फरवरी 2022 को ज्वाइनिंग के बाद से आज तक स्कूल में दोबारा कदम नहीं रखा। बावजूद इसके विभाग ने न तो उनकी जगह किसी अन्य शिक्षक की नियुक्ति की और न ही अनुपस्थिति पर कोई ठोस कार्रवाई की। नतीजा यह है कि पूरा शैक्षिक बोझ एकमात्र शिक्षक पर आ गया है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

### विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इस स्थिति में विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। एक शिक्षक से तीन कक्षाओं का संचालन संभव नहीं है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम व गतिविधियों से भी वंचित रहना पड़ रहा है। कई बार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने भी इस गंभीर मुद्दे को हल करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब सरकार शिक्षा का अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में लागू कर चुकी है, तो भालापुरी जैसे गांवों में यह अधिकार कागजों तक ही क्यों सीमित है। एक शिक्षक के भरोसे स्कूल चलाना, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ अन्याय है। यह स्थिति न सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता को गिरा रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का भरोसा भी कमजोर कर रही है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से तत्काल व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

# जिले में न मंदिर सुरक्षित न लोग सुरक्षितः चोवाराम साहू

## प्रदेश के गृहमंत्री से कानून व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अगर कबीरधाम जिले में एक मृतक का परिवार शव को सड़क में रखकर पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ना का आरोप लगा रहा है, अगर जिले के शिवालयों, देवालयों व मंदिरों में लगातार हो रही तोड़फोड़ से सनातन धर्मियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है और वे अपने आस्था के केन्द्रों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, अगर जिले का कोटवार संघ अपनी सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी सुरक्षा की गारंटी मांग रहा है तो कहना गलत नहीं होगा कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले की कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। उक्त बातें कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने



कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के महज पौने दो साल के कार्यकाल में ही कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। आलम ये है कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में ही कानून व्यवस्था संभाले नहीं संभल रही है। पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ना के आरोप लग रहे हैं। लेकिन दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर न तो कार्यवाही हो रही है और न ही मृतक को इंसाफ मिल रहा है। शरारती तथा असामाजिक तत्व लगातार सनातन धर्मियों के आस्था केन्द्रों पर हमला कर यहां स्थापित देवी देवताओं की प्रतिमाओं को तोड़फ़ोड़ रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ऐसे मामलों में पुलिस आरोपियों तक भी नहीं पहुंच पा रही है। विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम सारंगपुर में अभी हाल ही में हुई घटना के आरोपी का अभी भी कोई अतापता नहीं है। प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में कार्यरत कोटवार अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। जबकि इससे पूर्व की घटनाओं को देखा जाए तो पूर्व में शरारती, असामाजिक तथा आपराधिक तत्व कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए कई आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे चुके हैं। श्री साहू ने कहा कि जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह के मामलों से लोगों का पुलिस और सरकार पर से भरोसा उठ रहा है। उन्होने प्रदेश के गृह मंत्री से कानून व्यवस्था में कसावट लाए जाने की मांग की है।

### राजानवागांव स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन, 12 अगस्त को समापन




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजानवागांव गत 6 अगस्त से संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। 12 अगस्त तक चलते वाले इस संस्कृत साप्ताह के तहत विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्रों व शिक्षकों द्वारा अनेक आयोजन किए गए, कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य सुजीत गुप्ता व अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के तेलचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। छात्रों ने सरस्वती वंदना गायन किया, श्लोक पाठ, संस्कृत भाषा का महत्व, मेरा विद्यालय, मेरा प्रदेश, कवि कालिदास आदि के विषय में संस्कृत में व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने संस्कृत में अपना-अपना परिचय दिया व प्रतिदिन संस्कृत में बातचीत करने के लिए सहमति दी। संस्था के प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने कहा कि संस्कृत भारत की प्राचीन भाषा है। संस्कृत हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। संस्कृत व्याख्याता ने कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, साहित्य, धार्मिक परम्परा की नींव है, यह वेदों की व देवों की भाषा है। संस्कृत व्याख्याता बरखारानी साहू ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। नासा के वैज्ञानिक भी अब कम्पूटर के लिए संस्कृत भाषा को सबसे उपयुक्त भाषा मान लिए है और अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम में व्याख्याता अजय कुर्रे, पूजा सिंह, आशा अवस्थी, विधिराम चंद्रवंशी, उषा गुप्ता, कमलेश तिवारी, आनंद चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### अतुल पुनः चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश मंत्री, संगठन का किय गया गठन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपने नए कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण पदों की घोषणा की है जिसमें कवर्धा के जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा को उनकी सक्रियता और बेहतर कार्य को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है वहीं अतुल देशलहरा को पुनः प्रदेश मंत्री के रूप में एवं कवर्धा इकाई के



अध्यक्ष के रूप में दिनेश जैन को जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञात हो कि कवर्धा में व्यापारी हित में कार्य करते हुए चेंबर की वर्तमान टीम ने पूरी सक्रियता के साथ सराहनीय काम किया है, इसी को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने आकाश आहूजा, अतुल देशलहरा और दिनेश जैन को संगठन में प्रमुख स्थान दिया है । नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा बड़ी जिम्मेदारी देने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कवर्धा जिले के व्यापारियों की आवाज को प्रदेश स्तर पर मजबूती से रखने और व्यापार हित में काम करने का भरोसा दिलाया है साथ ही यह भी कहा की दिनेश जैन के आने से निश्चित रूप से कवर्धा में व्यापारी एकता का बेहतर तालमेल देखने को मिलेगा

### छात्राओं ने बांधी जवानों को राखी

**डोंगरगांव।** मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पूर्व शुक्रवार को थाना जाकर जवानों को राखी बांधी। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को छात्राओं ने शिक्षक लूनकरण यादव एवं तृप्ति देवांगन के साथ सुरक्षा में लगे जवानों और रक्षित केंद्र के निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, मेजर आदि को रक्षासूत्र बांधा।

**नगर में राजमहल से भोजली तालाब तक निकाली गई शोभायात्रा, राज परिवार ने की पूजा अर्चना**

# हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया भोजली का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशिप डे यानि भोजली का त्यौहार इस बार भी कवर्धा नगर सहित अंचल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व का विशेष आयोजन स्थानीय राजमहल परिसर में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग भोजली लेकर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि भोजली छत्तीसगढ़ के पारम्परिक त्यौहारों में से एक है, चूंकि इस त्यौहार को मितान बदने की भी परम्परा है इसलिए इसे छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशीप डे भी कहा जाता है। रक्षाबंधन के दूसरे दिन रविवार को भोजली का पर्व शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति का निर्वाह करते हुए लोगों ने अपने घरों में उगाए गए भोजली को घर से तालाब



तक शोभायात्रा निकालकर ग्राम देवता की पूजा अर्चना की और लोगों ने मितान बदकर सीताराम भोजली कहकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। वहीं नगर के मोती महल में राजसी ठाठ के साथ राजपरिवार द्वारा भोजली की पूजा अर्चना की गई। पूजा-अर्चना पश्चात शोभायात्रा के साथ भोजली का विसर्जन भोजली तालाब में किया गया। रक्षाबंधन के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की संस्कृति में भोजली त्यौहार का अपना एक अलग महत्व है। खासकर रायपुर और बिलासपुर संभाग के समस्त ग्रामीण अंचलों में भोजली का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नगर के मोतीमहल में भी भोजली विसर्जन का पर्व राजसी ठाठ के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर बाद महल परिसर में मेले का वातावरण बना रहा। शाम लगभग साढ़े 3 बजे नगर के विभिन्न वार्डो से महिलाएं व भोजली को सिर पर रखकर कतारबद्ध चलते हुए महल पहुंची। जहां राजसी परम्परानुसार राजपरिवार ने भोजली की विशेष पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात भोजली विसर्जन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व युवतियां अपने सिर पर लहलहाती भोजली रखकर गाजे-बाजे के साथ महल परिसर से शोभायात्रा निकालकर भोजली तालाब पहुंची। जहां विधिवत भोजली विसर्जित की गई।

# विश्व आदिवासी दिवस पर राजा खड्गराज कुमार सिंह ने मूल दिवस के महत्व पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और जनजातीय समाज के प्रखर वक्ता एवं सहसपुर लोहारा के राजा खड्ग राज कुमार सिंह ने समस्त आदिवासी समाज को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इस विशेष दिन के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। राजा खड्गराज कुमार सिंह ने कहा कि 9 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में रह रहे आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत, अधिकारों और अस्तित्व को संरक्षित करना है। यह दिन हमें हमारी जड़ों से जुड़ने, हमारी



परंपराओं को समझने और आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें गर्व के साथ पहुंचाने का अवसर देता है। राजा खड्गराज कुमार सिंह ने अपने संदेश में कहा कि आदिवासी समाज ने प्रकृति, संस्कृति और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अनमोल है। इस दिवस के माध्यम से हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और एकजुट होकर अपनी पहचान को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, बोली, कला और परंपराओं को अपनाएं और आधुनिकता के साथ सामंजस्य बिठाते हुए अपनी अस्मिता को बनाए रखें। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनजातीय नृत्य, पारंपरिक गीत-संगीत, सांस्कृतिक रैलियां एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। राजा खड्ग राज कुमार सिंह ने यह भी आश्वासन दिया कि वे समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे।

# आदिवासी दिवस पर रैली निकाल दिया जल, जंगल, जमीन सहेजने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विशाल संवैधानिक एवं सांस्कृतिक यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भिलाई के जयंती स्टेडियम से शुरू होकर रिसाली के दशहरा मैदान तक पहुंची। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के लगभग 5 हजार लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल आदिवासी समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में नृत्य करते हुए नजर आए। रैली में हसदेव बचाओ और जल, जंगल, जमीन को सहेजने का संदेश दिया गया। आदिवासियों को एकजुट होकर सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया गया। आदिवासी मंडल के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ठाकुर ने कहा कि वे यह संदेश देना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और संवैधानिक अधिकारों और संस्कृति के संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। वनांचल में रहने वाले आदिवासी भाइयों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोजन किया गया।

## सेंट्रल एवेन्यू रोड होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी रैली, दशहरा मैदान रिसाली में समापन



### यूएन ने 2007 में आदिवासी अधिकारों पर जारी किया था घोषणा पत्र

गोंडवाना समिति के अध्यक्ष अशोक कंगाली ने बताया कि 13 अगस्त 2007 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 107वें पूर्ण अधिवेशन में आदिवासियों अर्थात मूल निवासियों के अधिकारों के बारे में घोषणा पत्र जारी किया गया था। इसमें कुल 46 अनुच्छेदों में आदिवासी समाज के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रीति-रिवाज का संरक्षण शामिल है। साथ ही धार्मिक परंपराओं, जीवन निर्वाह के साधनों का विकास, जमीन एवं क्षेत्रीय संसाधनों पर अधिकार, पूर्ण सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण पर रोक तथा शिक्षा और स्वास्थ्य आदि का संरक्षण एवं विकास का प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### टारपीडो लेडल ने दो हजार हीट्स का बनाया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एक टारपीडो लैडल ने सफलतापूर्वक 2000 हीट पूरी कीं। यह टारपीडो लेडल, ब्लास्ट फर्नेस से एसएमएस– 3 तक हाट मेटल के सुरक्षित व कुशल परिवहन में अहम भूमिका निभाने वाली आधुनिक इकाई है। कीर्तिमान पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। सीजीएम तापस दासगुप्ता, बिजय बेहेरा, मनोज कुमार, प्रोसेन्जीत दास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा वास्तविक लक्ष्य निरंतर प्रगति और सुधार होना चाहिए। केंद्रित टीमवर्क के साथ हम निश्चित ही और ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे। प्रोसेन्जीत दास ने टारपीडो टीम और रिफ्रैक्ट्री पार्टनर आरएचआई मैग्नीसीटा के अथक प्रयासों की प्रशंसा की। इसमें विभाग के पीआर अजयन, जेआर मारकंडे, हर्षवर्धन सिंह शुभम कार्तिकेयन व आरईडी टीएलआरएस टीम का योगदान रहा।

### डॉ. सिसोदिया को डॉक्टरेट की उपाधि



**भिलाई।** पूर्व फौजी, समाज सेवक और जन अधिकारों के लिए 30 वर्षों से सहयोग करने वाले पूर्व फौजी डॉ. अरुण सिंह सिसोदिया को इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने प्रदान की मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके समाज के प्रति असाधारण योगदान, कोरोनाकाल में किए गए असाधारण कार्यों और समाज के प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग के प्रति संवेदनशीलता व मानवता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। समारोह में यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने डॉ. अरुण सिंह सिसोदिया की सामाजिक सेवा, नेतृत्व और समाज के उत्थान में उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। डॉ. सिसोदिया जोहार चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर चेयरमैन, जन अधिकार परिषद के अध्यक्ष, फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष व पूर्व फौजी हैं।

## अव्यवस्था : जिला उप पंजीयक कार्यालय में अब तक नहीं सुधरी सर्वर की समस्या

# रजिस्ट्री कराने में लग रहा 7 घंटे से ज्यादा का समय, ओटीपी नहीं हो पा रहा सेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य सरकार को रजिस्ट्री से सवाधिक राजस्व की प्राप्ति होती है लेकिन महीनेभर से इसके भारी कमी आई है। इसकी वजह से सर्वर की समस्या। पिछले एक महीने से दुर्ग जिला उप पंजीयक कार्यालय का सर्वर डाउन चल रहा है। आमतौर पर हर दिन यहां 80 से 90 रजिस्ट्री होती है लेकिन इन दिनों यह आधी यानी 40 से 50 तक ही सिमट गई है।

यानी आधे लोगों को बिना रजिस्ट्री करवाए ही लौटना पड़ रहा है। इस प्रकार पिछले कुछ दिनों से रजिस्ट्री को लेकर लोग खासे परेशान है। जमीन की खरीदी-बिक्री बुरी तरह प्रभावित है। दफ्तर में सही जानकारी भी उपलब्ध नहीं करा जा रही है। उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगने पर एनआईसी से संपर्क करने कहा जा रहा है, समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। लोगों की मानें तो शासन स्तर पर लगायात नियमों में संशोधन किए जा रहे हैं। कृषि जमीन के मामले में जारी आदेश को लेकर भी दिक्कत बनी हुई है। तीन हजार वर्गफीट से कम जमीन की रजिस्ट्री भी नहीं की जा रही है। जिससे लोग परेशान हैं।

### दिक्कतों की वजह से रजिस्ट्री हो गई है आधी



### रजिस्ट्री कार्यालय में इस तरह की समस्या झेल रहे लोग

#### डिजिटल हस्ताक्षर कार्य प्रभावित

रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों को दस्तावेज लेखकों के पास जाना है। यहां रेवेन्यू स्टॉम्प पर लेन-देन का ब्योरा तैयार किया जाता है। नए नियम के हिसाब से यहीं पर से ही क्रेता, विक्रेता और दो गवाहों का डिजीटल हस्ताक्षर होना है। सर्वर की समस्या की वजह से डिजीटल हस्ताक्षर नहीं हो पाता। जिसकी वजह से यहां से उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री का टोकन ही प्राप्त नहीं मिल पाता।

#### मोबाइल पर ओटीपी नहीं आती

सर्वर बीच-बीच में आता है तो टोकन भी जैसे-तैसे लोगों को मिल जाता है। लोग उप पंजीयक कार्यालय पहुंचते हैं। उप पंजीयक कार्यालय में तीन कक्ष हैं जहां पर लोगों की रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है। दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद क्रेता, विक्रेता और गवाहों का फोटो लेते हैं। उसके बाद मोबाइल से इन चारों लोगों को ओटीपी भेजा जाता है। सर्वर की वजह से कई लोगों के पास ओटीपी ही नहीं आता। जिनके ओटीपी आते हैं तो वह उप पंजीयक के सॉफ्टवेयर में सेव नहीं हो रहा है।

#### नामांतरण के लिए चक्कर

जमीन की रजिस्ट्री करवाने के बाद नए नियम के हिसाब से नामांतरण अब ऑनलाइन हो गया है। लेकिन सर्वर की समस्या की वजह से स्वतः नामांतरण ही नहीं हो रहा है। ऐसा नहीं होने से लोगों को तहसीलदार के पास आवेदन लगवाया जा रहा है। तहसीलदार के पास ऐसे आवेदनों का ढ़ेर लग गया है। इसलिए पेशी डेट मिल रही है। क्रेता व विक्रेता और गवाहों को तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

#### इस तरह सात घंटे का इंतजार

प्रभावित केके यादव, मनीष वर्मा, जितेंद्र कुलकर्णी, संतोष यादव, भूपेन्द्र देवांगन, मीरा देवांगन, जानकी बाई, रमा बाई, सुनीता विश्वकर्मा आदि ने बताया कि रजिस्ट्री करवाने के लिए सुबह 11 बजे से आए हैं। 5 बज गए हैं लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पाई। उन्होने बताया कि पहले दस्तावेज लेखक के पास सर्वर की वजह से डिजीटल हस्ताक्षर में देरी हुई। वहां से यहां आए तो लंबी लाइन थी। लंच के बाद नंबर लगा। उसके बाद फोटो वेरीफिकेशन तो हो गया लेकिन जैसे ही मोबाइल में ओटीपी भेजे आया ही नहीं। बीच-बीच में कई घंटे लग गए। आखिर में ओटीपी आया तो सेव नहीं हो रहा था। वापस लौटना पड़ा। यह तीसरी बार है कि बिना रजिस्ट्री के लौटे हैं।

#### जब तक सर्वर ठीक न हो तब तक बंद हो रजिस्ट्री

लोगों व कर्मचारियों ने बताया कि जब से उप पंजीयक कार्यालय तहसील से यहां संभागीय कार्यालय आया है तभी से सर्वर की समस्या आ रही है। कहीं न कहीं तकनीकी समस्या से जूझ रहे हैं। जिसकी वजह से रजिस्ट्री का कार्य बेहद प्रभावित है। लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री के लिए दूरदराज से लोग आते हैं और बैरंग वापस हो रहे हैं। इसलिए जब तक सर्वर अच्छे से ठीक न हो तब तक रजिस्ट्री का कार्य ही बंद कर दिया जाना चाहिए। इससे समय व पैसे की बचत होगी।

#### सर्वर की समस्या, इसलिए ऐसी दिक्कत

बीच-बीच में सर्वर समस्या आ जाती है। इसलिए ऐसी दिक्कतें आ रही है। सर्वर की समस्या राज्य से ही है। यहां की तकनीकी समस्या दूर कर ली गई है।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** उप पंजीयक दुर्ग

# सब्जी व्यापारी ने न्यायालय परिसर में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। फांसी दुर्ग जिला न्यायालय परिसर में शुक्रवार लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कति वार्ड 31 आपापुरा निवासी युवराज सार्वा शुगर की बीमारी के चलते जिला अस्पताल में भर्ती था। अस्पताल से निकलकर न्यायालय परिसर पहुंचा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवराज सार्वा फिलहाल ई रिक्शा चलाकर अपने और परिवार का भरण पोषण कर रहा था। मृतक शुगर की बीमारी से पीड़ित था। जिसके चलते उसके पैर में उभरा जख्म ठीक नहीं हो रहा था। युवराज सार्वा ने नायलोन की रस्सी का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। मार्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति ने न्यायालय परिसर से होकर वे मैदान जा रहे थे। तब देखा कि परिसर में देखा था फांसी पर लटका व्यक्ति दिखा तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की तीन बेटी और एक बेटा जो स्वीमिंग में नेशनल चैंपियन हैं। मृतक का बेटा हेमंत सार्वा ने आरोप लगाया है कि हटरी बाजार के दुकान संचालक की प्रताड़ना से तंग आकर उसके पिता ने आत्महत्या किया है। पिता हटरी बाजार में सब्जी बेचने का काम करते थे। लेकिन वहां के एक दुकानदार द्वारा सब्जी बेचने से मना कर दिया गया। जबकि उस जगह पर लगभग 50 साल पहले उसके दादा ने सब्जी बेचने का काम शुरू किया था। दुकानदार द्वारा सब्जी बेचने से मना करने पर वे मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गए। इससे बीपी और शुगर की बीमारी ने उन्हें जकड़ लिया। मजबूरी में पिता ई रक्शिा चलाकर परिवार का जीवन यापन करते थे।

## पेंशनधारियों का होगा ऑनलाइन सत्यापन



**भिलाई।** राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन अब मोबाईल एप के माध्यम से आंनलाईन होगा। केन्द्र पोषित पेंशन योजनाएं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का प्रतिवर्ष सत्यापन किया जाता है। अभी तक यह सत्यापन प्रत्यक्ष रूप से मैन्युवली होता रहा है। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम सभागार में समाज कल्याण विभाग के पेंशन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को मोबाईल एप से हितग्राहियों के सत्यापन किए जाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में विभाग के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, कर्मचारी सुखराम यादव, त्रिलोक ताम्रकार, मनहरण टंडन, संतोष हरमुख, बोधन साहू, रेखराम भारती, जितेन्द्र तिवारी, सागर दुबे, हेमंत मांझी, अतुल यादव, नंदकुमार नारंग, धनेश्वर साहू, अनुप सिन्हा, उपस्थित रहे, जिन्हे अंजु साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रक्रिया समझाया।

# अंतरजातीय विवाह करने पर गुरुद्वारा में नहीं होंगे फेरे, बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां रही शामिल



छत्तीसगढ़ सिख पंचायत सदस्यों सहित सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों की गुरुद्वारा बाबा दीप सिंघ सुपेला मे सिख पंचायत अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शताब्दी समारोह को लेकर एक बड़ा गुरमत समागम करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अंतर्राजतीय विवाह करने पर गुरुद्वारे में लावा फेरे की अनुमति नही होगी।

सिख पंचायत सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि बैठक का प्रमुख मुद्दा पाठी सिंघो के पाठ की भेंटा ( गुरु ग्रंथ के पाठ करने की दक्षिणा) को लेकर किया गया था जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिख पंचायत द्वारा सर्व सहमति से 4800रु में 1200रु बढ़कर 6 हजार रु कर दिया गया। जिससे पाठ करने वाले लोगो में खुशी दिखाई दी। बैठक के दौरान दूसरा मुद्दा अंतरजातीय विवाह पर था जिस पर सिख समाज की लड़की दूसरे धर्म में शादी करती है तो गुरुद्वारे में लावा फेरे की मान्यता नही दिए जाने पर सहमती बनी। तीसरे मुद्दे के अंतर्गत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6 कमेटी एवं गुरुनानक स्कूल के कार्य को लेकर लगातार विवाद करने वालों पर कार्रवाई एवं एक्शन लिया गया। इस दौरान सभी गुरुद्वारों में मेंबरशिप लेने पर चर्चा की गई। जिसमें अगली बार गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहमति एवं निर्वाचन मेंबरशिप के मेंबरों के आधार पर ही कि जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सिख यूथ फोरम भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, सिख पंचायत के वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गाँधी, पलविंदर सिंह रंधावा, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह चहल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी, हरपाल सिंह, बलदेव सिंह, बीबी कुलवंत कौर, सतवंत सिंह, अवतार सिंह सहित सभी सिख समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# भोलेनाथ का अभिषेक कर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



**दुर्ग।** सावन मास के अंतिम दिवस पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा की पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय के जलपरिसर स्थित कार्यालय के समीप महादेव व मां भगवती के मंदिर में अभिषेक किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी आयोजन में शामिल हुए। पूजन व आरती कर प्रदेश व शहरवासियों के कल्याण के लिए मंगलकामना की गई। उन्होंने मंदिर परिसर में शेड निर्माण की घोषणा की। सरोज पाण्डेय ने भी बाबा भोलेनाथ व मातारानी का पूजन कर देश, प्रदेश एवं शहरवासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना किया। सरोज पाण्डेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए। मंदिर हमारी आस्था और संस्कृति के प्रमुख केंद्र हैं। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के विकास के लिए बेहतर कार्य के साथ ही मंदिरों और तीर्थ स्थलों को संवारने का काम कर रही है। मौके पर पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकार, पूर्व जिलाध्यक्ष उषा टावरी सहित अन्य मौजूद थे।

# बीएसपी कर्मियों को सेक्टर-4 सोसाइटी का लाभांश वितरण




**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 के भिलाई स्टील प्लांट के सदस्य कर्मियों को लाभांश का वितरण 20 अगस्त से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने बताया कि लाभांश एवं ब्याज का वितरण लगातार 16 अक्टूबर तक चलेगा। सदस्यों की सुविधा को देखते हुए लाभांश वितरण अवधि दो माह की रखी गई है। दोपहर 3:30 से शाम 6:30 बजे तक सदस्य सेक्टर-4 सोसाइटी पहुंच कर लाभांश ले सकते हैं। निर्धारित तिथि में छूटे सदस्यों को सिर्फ सोमवार को अवसर मिलेगा। शासकीय अवकाश के दिन लाभांश-ब्याज वितरण कार्य नहीं होगा। सदस्य निर्धारित तिथि में नहीं पहुंच पाएंगे वे नवम्बर-25 से फरवरी-26 के बीच महीने के आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक कार्यालयीन समय में लाभांश प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यों को सोसाइटी की पासबुक के साथ अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो एवं बीएसपी का गेटपास लाना होगा। सोसाइटी की ओर से उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, विपिन बन्छोर, जानकी राव, शशि भूषण सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम कंवर, सतानंद चंद्राकर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी और नितिशा साहू ने बीएसपी कर्मियों से तय तिथि पर लाभांश लेने की अपील की है।

## परिजनों को मिली 8 लाख की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउस नं. 204, वार्ड नं. 09, दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग निवासी झाामबती साहू की विगत 30 मई 2020 को वाहन सहित कोटनी शिवनाथ नदी एनीकेट के पास नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार बिजली नगर छावनी भिलाई जिला दुर्ग निवासी पवन यादव की विगत 02 जुलाई 2020 को नहाते समय पानी में डुबने से मृत्यु हो गई थी। प्रावधानों के अनुरूप कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक राशि प्रदान की है।

# जिले के 159 स्कूल जर्जर, अब तक मेंटेनेंस नहीं, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल




जिले के सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर है। हादसों का खतरा बना हुआ है। अब तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 159 से ज्यादा स्कूलों में मेंटेनेंस की दरकार है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। तत्काल मेंटेनेंस कराने अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को बर्बाद करने पर तुली हुई है। बच्चों के भविष्य के प्रति बड़ी-बड़ी डीगें हाँकने वाली भाजपा सरकार सिर्फ बैनर पोस्टर प्रचार वाली सरकार है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा बीजेपी सरकार कों बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा की चिंता तो दूर वर्तमान की साधारण स्तर की शिक्षा कों भी ख़त्म करने पर तुली है। मौजूदा सरकार बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, ताकि आने वाले समय में अनपढ़ सरकार से ना सवाल करेंगे और ना ही नौकरी मांगेंगे। अगले 7 दिनों में छत्तीसगढ़ के साथ साथ दुर्ग में शिक्षा की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए हर दिन एक नया वीडियो जनता के बीच लाएगी, जिसमें दिखाया और बताया जाएगा कि किस तरह राज्य में शिक्षा को बर्बाद करने पर सरकार तुली है? सरकार की उदासीनता जगजाहिर होगी। स्कूल जर्जर हालत में हैं, कहीं छत टपक रही है तो कहीं छत ही नहीं है, कहीं पर छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है।

## श्रमदान कर बनाया चबूतरा

**बांधा बाजार।** सृष्टि संस्था दक्कोटोला के मार्गदर्शन में ग्राम मरदेल, कोड़ेवड़ा और चिरचारी में रक्षा बंधन त्यौहार मनाया गया हैं। वहीं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधा। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए आम, पीपल और इमली पेड़ के चारों ओर मिट्टी का चबूतरा बनाया। स्व लाल श्याम शाह महाराज की पूजा अर्चना कर पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान बाजीराव मांझी, भगत सिंह, अर्जुनसिंह कोमरे, सहदेव कोरेटी, मीना मांझी, श्यामलाल सलामे, जोहरलाल बोगा, सराधूराम उसारे, अनितराम सोरी, कामता प्रसाद कचलामे, सुरेंद्र कुमार धुर्वे, लालसाय धुर्वे आदि ने चबूतरा निर्माण के लिए श्रमदान किया। इस कार्य में संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी और जयदेव मोहुर्ले ने योगदान दिया।

## पेज 9 का शेष

### नगर सेना में अंचल ...

के क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। इसमें लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। योग्य उम्मीदवारों को ही अंतिम सूची में स्थान मिला। नगर सेना के अधिकारियों के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें विमानन के तकनीकी पहलू, उड़ान सुरक्षा, ग्राउंड हैंडलिंग, और आपातकालीन प्रबंधन जैसे विषय शामिल होंगे। प्रशिक्षण के बाद इन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

# अगस्त क्रांति पर हुए कार्यक्रम, याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ जेएनएल हास्पिटल प्रतीक स्थल पर हुए कार्यक्रम



9 अगस्त, अगस्त क्रांति दिवस, जिसे क्विट इंडिया मूवमेंट के नाम से भी जाना जाता है सन १९४२ में इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का आह्वान किया था और इस मूवमेंट से स्वतंत्रता आंदोलन ने एक महत्वपूर्ण मोड लिया था और अंग्रेजों के खिलाफ जबरदस्त जन आंदोलन खड़ा हो गया था। भिलाई में भी अमर शहिदों की याद में सेक्टर नाइन जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अगस्त क्रांति के प्रतीक स्थल पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करने नगर पालिका निगम भिलाई के राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री बीडी कुरैशी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर दुर्ग आर एन वर्मा, पूर्व महापौर नीता लोधी, पूर्व महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल, नगर पालिका निगम भिलाई के सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद् के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, वाय के सिंह, अतुल चंद साहू, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता जावेद खान, ब्लाक अध्यक्ष दानेशवरी साहू, गौरव श्रीवास्तव, प्रमोद प्रभाकर, कोटेश्वर राव, सैम्युल डेविड, पार्षद अभय सोनी, सुरेश वर्मा, कोमल दास टंडन, आर बीके राव, रविशंकर सिंह, अरूण अग्रवाल, एस एम वैध आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आभार प्रदर्शन सीजू एंथोनी ने किया।

## खबर संक्षेप

### आईटीबीपी के जवानों को बांधी राखी

**डोंगरगढ़।** 40वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा डोंगरगढ़ एवं कन्हारगांव में एक विशेष रक्षा बंधन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तेजभान सिंह, कमांडेंट के नेतृत्व में एवं परिक्षित शाह, उप कमांडेंट की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा वीर जवानों को रक्षा सूत्र बाँधा गया तथा उनके सुख-समृद्धि, सुरक्षा और राष्ट्रसेवा के लिए आध्यात्मिक शक्ति व नैतिक मूल्यों का आशीर्वाद भी प्रदान किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के पारंपरिक रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के प्रति सुरक्षा, प्रेम, सम्मान और एकता की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किए गए एवं प्रसाद वितरण भी किया गया।

### सरकार बिजली और खाद उपलब्ध कराए

**सड़क अतरिया।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने किसानों को खाद तथा बिजली कटौती से हो रही समस्या को लेकर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि किसान हितैषी का ढोंग करने वाली सरकार आज किसानों को एक के बाद एक मुसीबत में डाल रही है। फसल बोआई से शुरू हुई खाद की समस्या अब तक दूर नहीं हो पाई है। कृषक को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से मंहगे दाम पर दुकान से खरीदना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर किसान अपने खेत में पर्याप्त मात्रा में खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहें हैं। वही दूसरी ओर बारिश में ब्रेक लगने से खेत सुख रहें हैं। जिस कारण कृषक बोर से खेतों में सिंचाई करने लगें हैं, लेकिन बिजली की बार बार अघोषित कटौती और लो वोल्टेज से सिंचाई की समस्या गंभीर होती जा रही है। कामदेव ने कहा कि फसल की उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। सरकार के खाद और बिजली की अपर्याप्त व्यवस्था से उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसा हुआ तो कृषक आर्थिक रूप से कमजोर हो कर कर्ज तले दब जायेंगे। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि किसानों को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध करायें।

### वोट चोरी के आरोप का जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस करेगी प्रसारण

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों केंद्र की मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर हमलावर है। हाल ही में उन्होंने वोट चोरी का दावा करते हुए खुलासा किया हैं, जिसमें एक वोटर का कई बूथ पर नाम होना बताया गया है। वही मकान नंबरों और मतदाताओं के निवास, तस्वीर को लेकर भी गड़बड़ी सामने आई है। राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत किए गए वीडियो को कांग्रेस कमेटी द्वारा जनता के सामने रखने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय स्तंभ चौक में राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मामले में जारी किए गए वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। शहर के जयस्तंभ चौक में सोमवार सुबह 9 बजे से कांग्रेस द्वारा प्रोजेक्टर लगाकर जनता के सामने फर्जी वोट के मामले को रखा जाएगा।

आयोजन

## जसगीत और पारंपरिक वाद्यों की थाप के साथ शोभायात्रा निकाली

# नवागढ़ में गूंजी लोकधुनें, महका उठा 'सीताराम भोजली' से पूरा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला पारंपरिक भोजली पर्व रविवार को नवागढ़ नगर व अंचल में आस्था, उल्लास और लोकगीतों की गूंज के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही गली-मोहल्लों में महिलाएं सिर पर सजी-धजी भोजली लेकर गीत गाती हुई निकल पड़ीं, "सीताराम भोजली" की आवाज से पूरा नगर गूंज उठा। सुकुलपारा में नगर प्रमुख विकास धर दीवान के निवास पर विधिवत पूजा-अर्चना हुई। नवागढ़ नगर में सुकुल पारा, बावा पारा, देवांगन पारा, दर्री पारा, बूढ़ेश्वर महादेव शंकर नगर, बावली पारा समेत विभिन्न मोहल्लों की मंडलियों ने जसगीत और पारंपरिक वाद्यों की थाप पर शोभायात्रा निकाली। भोजली को मानाबंद तालाब तक ले जाकर धार्मिक विधि-विधान से विसर्जित किया गया। ग्रामीण अंचल में भी शाम होते-होते चौक-चौराहों पर पूजा के बाद तालाब और नदियों में भोजली विसर्जन हुआ।

### जितनी ऊंची भोजली, उस वर्ष उतनी खुशहाली- समृद्धि

लोकमान्यता के अनुसार जितनी हरी-भरी और ऊंची भोजली होती है, उतनी ही वर्ष भर खुशहाली और समृद्धि आती है। इस बार की भोजली का आकर्षण रही डेढ़ से दो फीट ऊंची, सरसों-सी सुनहरी फसल, जिसने सभी का मन मोह लिया। लोगों ने विश्वास जताया कि आने वाला साल अच्छी फसल और सम्पन्नता लेकर आएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धान्त चौहान ने नगरवासियों को भोजली पर्व की शुभकामनाएं दी।

भाईचारे व समृद्धि की कामना के साथ तालाबों में भोजली विसर्जन



सेजेस कुसमी में विश्व आदिवासी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन



**बेमेतरा/बेरला।** ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुसमी में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न प्रकार के आयोजन किये गए। प्राइमरी स्तर तक के बच्चों के लिए आदिवासी वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मिडिल एवं हायर सेकेंडरी स्तर तक के बच्चो के लिए मेहंदी एवं राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों एवं पालकों कि उपस्थिति विशेष तौर पर रही।



### भेंडरवानी स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी (संकुल केंद्र बेलगांव, विकासखण्ड साजा में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और सांस्कृतिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामवासियों को आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं, लोककला, वेशभूषा, भाषा तथा संस्कृति से परिचित कराना और इसे संरक्षित करने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उनकी मेहनतकश जीवनशैली और प्रकृति संरक्षण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

#### आदिवासी समाज की संस्कृति हमारी धरोहर

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति हमारी धरोहर है और इसे बचाना हम सबका दायित्व है।सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू ने विद्यार्थियों को आदिवासी लोककथाओं, गीतों और नृत्यों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति में निहित एकता, समानता और पर्यावरण प्रेम का संदेश आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर कविता पाठ, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें आदिवासी नृत्य एवं गीत प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि हर वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को इसी तरह मनाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सतीश शर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

नगर नवागढ़ निवासी सतीश कुमार शर्मा को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें बुधवार को गुड़गांव के होटल हॉलिडे इन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

यूनिवर्सिटी की ओर से जारी रजिस्ट्रेशन के तहत यह उपाधि प्रदान की गई। डॉ. सतीश शर्मा पिछले दो दशकों से सामाजिक जागरूकता, सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे मुरित शर्मा के पुत्र हैं और बाल्यकाल से ही समाज सेवा में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों और निदेशक तपन काकोटी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. शर्मा ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। सम्मान मिलने पर डॉ. शर्मा ने कहा कि यह क्षण उनके लिए गर्व का है और वे आगे भी समाज कल्याण के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटे रहेंगे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने उपजेल के बंदियों संग मनाया रक्षाबंधन पर्व



**बेमेतरा।** भाजपा जिला महिला मोर्चा ने उपजेल में बंदियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस दौरान महिला मोर्चा की बहनों ने उपजैल में विचाराधीन 128 कैदी भाइयों एवं उपजेल के स्टाफ को रक्षा सूत्र बांध। इस दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता साहू,प्रदेश कार्य समिति सदस्य रीना साहू, लक्ष्मी साहू , लीनेशक्लब अध्यक्ष शशि तिवारी, सचिव आरती साहू , मंडल महामंत्री पिंकी नेमा, भाजपा नेत्री डॉक्टर नेहा वर्मा एवं डॉ लालाराम साहू सहित अन्य महिला मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे ।

### ब्रह्माकुमारीज केंद्र में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया



**बेमेतरा।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर अलौकिक रक्षाबंधन उत्सव आयोजित की गई । उत्सव में शामिल शशि दीदी सहित सभी दीदीयों ने मौजूद भाई एवं बहनों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। इस दौरान उत्सव की दिव्यता सबों को परमात्म प्रेम का बोध करा रहा था. केंद्र पर उत्सव में शामिल लोगों को भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। शालिनी दीदी ने बताया कि जब सभी संबंधों की डोर परमात्म प्रेम एवं निस्वार्थ भाव से जुड़ जाती है, तब स्वयं के साथ दूसरों की रक्षा स्वतः हो जाती है. रक्षाबंधन सभी त्योहारों में अनोखा है। भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को प्रत्यक्ष करने वाला भी है, कहा कि यह त्योहार अनेक अध्यात्मिक रहस्यों को प्रकाशित करने और भाई बहन के वैश्विक रिस्तों की स्मृति दिलाने वाला एक परमात्म उपहार है। वर्तमान कालखंड में ऐसी ही अध्यात्मिक राखी स्वयं को और सर्व आत्माओं को बांधने की जरूरत है, तब ही हमारा भारत देश पुनः सर्वगुण संपन्न और स्वर्णिम बन सकेगा। कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया और उत्सव में रौनक बनी रही।

### पेड़ों को राखी बांध सुरक्षा का लिया संकल्प



**बेमेतरा।** जल जंगल जमीन के संरक्षण और स्वक्षता के लिए संकल्पित शहर की संस्था सहयोग के सदस्यो ने रक्षा बंधन के पवित्र त्यौहार पर बांध तालाब में सहयोग द्वारा रोपित पौधों में रक्षा सूत्र बाँधकर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस सम्बन्ध में बताते हुए संस्था के सदस्य मंजीत सलूजा और रामा मोटवानी ने बताया की जिस प्रकार बहाने हमें राखी बांधती है तो भाई उसकी रक्षा का संकल्प लेता है उसी तर्ज पर सहयोग के वृक्ष मित्र अपने द्वारा रोपित पौधों को राखी बांध कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। सहयोग ने विगत पच्चीस वर्षो मे लगभग नौ हजार के आसपास पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी कर रहे है। सहयोग द्वारा नगर के तालाबों स्कूलों सड़क किनारे सड़क डिवाइडरो मे मुक्तिधाम मे पौधे लगाकर उनका संरक्षण किया जाता है वर्तमान मे संस्था के बीस सदस्य प्रतिदिन प्रातः का एक घंटा पौधों के संरक्षण और स्वक्छता मे देते है।

## शिवनाथ नदी में बहे युवक का 24 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सावन माह के अंतिम दिन शिवनाथ नदी मोहारा में जल लेने व पूजा अर्चना करने गया युवक नहाते समय नदी के पानी के बहाव में बह गया था। जिसकी खोज बीन लगातार की जा रही थी। युवक का शव लगभग 24 घंटे बाद आज आज सुबह मिला। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार सावन माह के अंतिम दिन शनिवार को सुबह के समय शहर के ठेठवार पारा निवासी प्रशांत सोनी लोगों के साथ शिव नाथ नदी मोहारा पूजा अर्चना करने एवं जल लेने गया हुआ था। इस दौरान नहाते वक्त व नदी के पानी में बह गया था। जिसकी खोज बीन गोताखोर एवं एसडीआरफ दुर्ग एवं राजनांदगांव की टीम कर रही थी।कल दिन भर खोजबीन में युवक का पता नही चल पाया था।

### रक्षाबंधन पर बच्चों संग मनाया उत्सव राजेन्द्र शर्मा ने राखी बंधवाई, दिए उपहार



**बेमेतरा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा मंगलवार को बेमेतरा शहर के वार्ड क्रमांक 21 पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों से राखी बंधवाई और उन्हें उपहार प्रदान किए। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि त्योहार बच्चों के जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। उनके साथ त्योहार मनाने का अलग ही आनंद होता है। उन्होंने रक्षा बंधन को भाई-बहन के पवित्र बंधन का उत्सव बताते हुए कहा कि इस पर्व का इतिहास कई सदियों पुराना है, जिसका उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों और महाकाव्यों में मिलता है। यह सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और आपसी आदर की व्यापक सामाजिक परंपरा का प्रतीक है।




सावन के समाप्त होते ही भादो माह का आगाज, पर्वों की श्रृंखला

## कृष्ण जन्माष्टमी सहित गणेशोत्सव की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सावन पूर्णिमा के बाद भादो माह का आगाज 10 अगस्त से प्रारंभ हो चुका है, यह महिना जहां श्री कृष्ण भक्ति के लिए होगी वही श्रीगणेश महोत्सव का होगा। इस माह लगातार पर्वों का क्रम है जिसे लेकर हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल रहेगा।

ज्ञात हो कि सावन माह में भगवान शिव भक्ति का वातावरण था, मंदिर से लेकर नदी तालाबों में कांवड़ियों की उपस्थिति बनी हुई थी। सावन पूर्णिमा रक्षाबंधन पर्व के बाद अब 10 अगस्त से भादो माह का आगाज हो चुका है। इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पर्वों की खुशियां देखते ही बनेगी।

राखी पर्व से शुरू हुआ बाजार में चहल पहल पूरे भादो माह रहेगा। साज सजावट की सामग्रियों के अलावा मूर्तिया एवं पूजा सामग्रियों की जहां दुकान सजेगी वह शहर सहित ग्रामीण इलाकों से बडी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचेंगे। शहरी सहित ग्रामीण बाजार में चहल पहल का दौरान रहेगा। आम लोगो सहित व्यापारियों की भी व्यस्तता रहेगी। श्रद्धा भक्ति से परिपूर्ण भादो माह में हर्षोल्लास का माहौल होगा। वर्तमान में बाजार में हलषष्ठी, कमरछठ पर्व को लेकर पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। जिसकी खरीदारी करने भी लोग जुटे हुए है।

### महोत्सव पर दिखेगा साज सजावट



लगातार पर्वो को देखते हुए अंचल के मूर्तिकारों ने भगवान श्रीकृष्ण राधा की मूर्तियां एवं भगवान श्रीगणेश की मूर्तियां बनानी शुरू कर दी है। मूर्तियों को इन दिनों पूर्ण रूप देने का कार्य भी दिन रात शुरू कर दिया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बडी संख्या में लोग अपने अपने घरों में कान्हा भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियां स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना करते है। एवं शोभायात्रा के साथ ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। वही विभिन्न सभा समितियों एवं लोगों के द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा सार्वजनिक रूप से व घर घर में विराजित कर विधि विधान से 10 दिन पूजा अर्चना की जाती है। पर्व के दौरान शहर सहित ग्रामीण इलाको में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ साथ सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी।

